4CCSME

HINDI LANGUAGE AND LITERATURE
हिन्दी भाषा और साहित्य

PAPER—II
प्रश्न-पत्र—II

Full Marks : 200 | *Time* : 3 hours
पूर्णांक : 200 | *समय* : 3 घण्टे

उपांत के अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं

प्रत्येक खण्ड से **दो-दो** प्रश्नों को चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें, जिनमें प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **चार** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×4=40

(क) च्यंता तौ हरि नाँव की और न चिंता दास,
जे कुछ चितवैं राम बिन, सोई काल कौ पास।

(ख) अँखियाँ हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहैं रूप रस राँची ये बतियाँ सुनि रूखी।।

(ग) रामराजअभिषेक सुनि, हिय हरषे नर नारि।
लगीं सुमंगल सजन सब, बिधि अनुकूल बिचारि।।

(घ) कौन तुम? संसृति-जलनिधि-तीर, तरंगों से फेंकी मणि एक।
कर रहे निर्जन का चुपचाप, प्रभा की धारा से अभिषेक।।

(ङ) ''मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह संबंध और सब संबंधों से बड़ा है। मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है...।''

(च) ''गुण प्रत्यक्ष नहीं होता, उसके आश्रय और परिणाम प्रत्यक्ष होते हैं। अनुभवात्मक मन को आकर्षित करने वाले आश्रय और परिणाम हैं, गुण नहीं। ये ही अनुभूति के विषय हैं। अनुभूति पर प्रवृत्ति और निवृत्ति निर्भर हैं।''

(छ) ''बड़े लोगों की ईर्ष्या और वैर केवल आनन्द के लिए है। हम इतने बड़े आदमी हो गए हैं कि हमें नीचता और कुटिलता में ही निःस्वार्थ और परम आनन्द मिलता है।''

(ज) ''मेरा शौहर छाती फाड़कर काम करे और पन्ना रानी बनी बैठी रहे, उसके लड़के रईसजादे बने घूमें। मुलिया से यह बर्दाश्त न होगा। ...भाई किसके होते हैं।''

खण्ड—क

2. कबीर की आलोचना से सम्बन्धित रामचन्द्र शुक्ल और हजारी प्रसाद द्विवेदी के विचारों की तुलना कीजिए। 40

3. कृष्ण-भक्ति परम्परा में सूरदास के महत्त्व का आकलन कीजिए। 40

4. 'सरोज स्मृति' के आधार पर सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के सामाजिक सरोकारों का आकलन कीजिए। 40

5. एक फैंटेसी के रूप में 'कामायनी' का मूल्यांकन कीजिए। 40

खण्ड—ख

6. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'भारत दुर्दशा' के माध्यम से तत्कालीन शासन की बुराइयों की ओर संकेत किया है, समझाइए। 40

7. नाट्य तत्त्वों के आधार पर जयशंकर प्रसाद के 'स्कन्दगुप्त' की समीक्षा कीजिए। 40

8. प्रेमचन्द ने 'गोदान' के माध्यम से भारतीय किसान की त्रासदी को चित्रित करने का प्रयास किया है, समझाइए। 40

9. 'कविता क्या है' निबन्ध के आधार पर रामचन्द्र शुक्ल की साहित्य सम्बन्धी मान्यताओं पर प्रकाश डालिए। 40

10. 'मैला आँचल' में भारतीय राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन की अभिव्यक्ति किस प्रकार हुई है? सोदाहरण समझाइए। 40

★★★